निर्देश—सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न (सही विकल्प चुनकर लिखिए) :

(i) राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ?

(अ) 1 मई, 1857 (ब) 10 जनवरी, 1920

(स) 15 जनवरी, 1947 (द) 2 जनवरी, 1960

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(अ) हेग (ब) न्यूयॉर्क

(स) इटली (द) इंग्लैण्ड

(iii) फतेहपुर सीकरी का निर्माण करवाया था—

(अ) मानसिंह (ब) अकबर

(स) अशोक (द) सवाई जयसिंह

(iv) गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को दिया जाता है :

(अ) साइकिल (ब) गैस चूल्हा व सिलेण्डर

(स) छात्रवृत्ति (द) निःशुल्क आवास

(v) भारत में जनसंख्या नीति लागू की गई :

(अ) 10 जनवरी, 1995 में (ब) 24 अक्टूबर, 1996 में

(स) 2 अक्टूबर, 1997 में (द) 15 फरवरी, 2000 में।

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) भारतीय अर्थव्यवस्था ............ है।

(ii) भारत का सबसे अधिक साक्षरता का प्रतिशत ............ राज्य में है।

(iii) खाद्य एवं नागरिक पूर्ति मंत्रालय का प्रमुख कार्य ............ है।

(iv) भारत में सबसे कम जनसंख्या के घनत्व का राज्य ............ है।

(v) भिलाई इस्पात संयंत्र ............ की सहायता से स्थापित है।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)।

2. ट्रिपल एलायन्स में सम्मिलित राष्ट्रों के नाम लिखिए।
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन के कोई **दो** कार्यों को लिखिए।
4. वैदिक काल में समाज किन वर्णों में बँटा था ? नाम लिखिए।
5. छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्वों के नाम लिखिए।
6. भारत में प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है ?
7. सामाजिक चेतना के कोई **दो** बाधक तत्व लिखिए।
8. 'उपभोक्ता की बचत' को परिभाषित कीजिए।
9. "कार्यों का विशिष्टिकरण ही श्रम-विभाजन है।" यह परिभाषा किसने दी है ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)।

10. सीटो (SETO) से क्या तात्पर्य है ?
11. छत्तीसगढ़ की चित्रकला की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए।
12. विधानसभा की कोई **तीन** शक्तियों को लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत के कोई **तीन** कारण लिखिए।
14. जन्मदर और मृत्युदर से आप क्या समझते हैं ? समझाइए।
15. सरल श्रम विभाजन से आप क्या समझते हैं ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है।)

16. भारत में स्त्रियों की दयनीय स्थिति के कोई **चार** कारणों को लिखिए।

**अथवा**

भारत में महिलाओं की स्थिति सुधारने के कोई **चार** उपाय लिखिए।

17. कृषि-आधारित उद्योगों और खनिज-आधारित उद्योगों की तुलना कीजिए।

**अथवा**

जल विद्युत्-शक्ति उद्योग एवं तापीय विद्युत-शक्ति उद्योग में अंतर स्पष्ट कीजिए।

18. 'वर्साय की संधि में द्वितीय विश्व युद्ध के बीज छुपे थे।" समझाइए।

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध का आरंभ किस घटना से माना जाता है ?

19. भारतीय कृषि की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

वनों से क्या लाभ है ? समझाइए।

20. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ? उसके कोई **तीन** सिद्धान्तों को लिखिए।

**अथवा**

सुरक्षा परिषद् के कोई **चार** कार्यों को लिखिए।

21. मूल्य वृद्धि से आप क्या समझते हैं ? मूल्य वृद्धि को रोकने के कोई **तीन** उपाय लिखिए।

**अथवा**

गरीबी से क्या तात्पर्य है ? गरीबी के प्रकारों को समझाइए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है।)

22. "ऊर्जा के अन्य साधनों की तुलना में जल-विद्युत् अधिक महत्वपूर्ण है।" समझाइए।

**अथवा**

"छत्तीसगढ़ खनिज सम्पदा में सम्पन्न है।" स्पष्ट कीजिए।

23. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(i) अंकलेश्वर (ii) डल झील

(iii) मुम्बई हाई (iv) कच्छ की खाड़ी

(v) कावेरी नदी

**अथवा**

(i) बेंगलुरु (ii) इंदिरा गाँधी नहर

(iii) कर्क रेखा (iv) अहमदाबाद

(v) ताप्ती नदी

24. साम्राज्यवाद से आप क्या समझते हैं ? साम्राज्यवाद के उदय के कोई **चार** कारण लिखिए।

**अथवा**

उपनिवेशवाद एवं नव-उपनिवेशवाद में अंतर लिखिए।

25. लोकसभा अध्यक्ष के कार्यों और शक्तियों को लिखिए।

**अथवा**

संसद् कार्यपालिका पर किस प्रकार नियंत्रण रखती है ? समझाइए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक **26** एवं **27** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है।

26. नाजीवाद की कोई **छः** सिद्धांतों को लिखिए और वर्णन कीजिए।

**अथवा**

फासीवाद की कोई **छः** विशेषताएँ लिखिए और वर्णन कीजिए।

27. भूमि कटाव से आप क्या समझते हैं ? उसे रोकने के कोई **पाँच** उपायों का वर्णन कीजए।

**अथवा**

भारत में कितने प्रकार के वन पाये जाते हैं ? किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए।